तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 20 दिसम्बर 2023

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 बंद पड़ी खदान में धड़ल्ले से हो रही कोयला चोरी

खबर संक्षेप

सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉयज यूनियन का प्रदर्शन आज

अम्बिकापुर। राष्ट्रीय संगठन के आव्हान पर छत्तीसगढ़ सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉयज यूनियन अपनी 9 सूत्रीय मांगो को लेकर 20 दिसम्बर को धरना प्रदर्शन करेगी। सचिव रघुनाथ प्रधान ने बताया कि सुबह 11 बजे एसबीआई कलेक्टोरेट शाखा के पास धरना उपरांत अपरान्ह 3 बजे रैली निकाली जाएगी। मांगो में सेल्स प्रोमोशन एम्प्लॉयज एक्ट 1976 को बहाल रखने एम्प्लाइज के काम की वैधानिक नियमावली लागू करके कानूनी अधिकारों की रुक्षा, स्वास्थ्य उपकरणों का दाम कम कर उपकरणों पर जीएसटी समाप्त करने डाटा प्राइवेसी की रक्षा करना, उत्पीड़न और छटनी बंद करना, ट्रैकिंग एवं निजता के अधिकार का हनन बंद करना शामिल है।

अंतर उद्यानिकी महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता आज से

अम्बिकापुर। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कुनकुरी में छत्तीसगढ़ के उत्तर जोन स्थित उद्यानिकी महाविद्यालयों की अंतर महाविद्यालयीन जोनल खेलकूल प्रतियोगिता 20 से 22 दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में महात्मा उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुनकुरी, सीतापुर, कोतबा, चिरमिरी एवं रामानुजगंज के विद्यार्थी भागीदारी करेंगे, जिसमें खो-खो, कबड्डी, वालीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक, दौड़ एवं अन्य एथेलेटिक्स खेल होंगे। प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राएं 2 जनवरी से आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी करेंगे।

सर्वेश्वरी समूह का निःशुल्क जांच शिविर 22 को

राजपुर। सर्वेश्वरी समूह शाखा अंबिकापुर 22 दिसंबर को द्वारा विशाल निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन विकासखंड के ग्राम पतरापारा प्राथमिक स्कूल के समीप किया जाएगा। शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही दवाओं का वितरण किया जाएगा। इस शिविर में मरीजों के नेत्र परीक्षण की भी व्यवस्था रहेगी एवं आवश्यकतानुसार मरीजों को पावर वाले चश्में वितरित किया जायेंगे। इस शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन तथा बीपी-शुगर जांच एवं नाक, कान, गला तथा दंत चिकित्सक भी उपलब्ध रहेंगे।

115 बोरी अवैध धान लोड दो पिकअप जब्त

रामचंद्रपुर। तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व अमले ने दो पिकअप से 115 बोरी अवैध धान जब्त किया है। आरोपी समितियों में खपाने के लिए पड़ोसी राज्य झारखण्ड के ग्राम खुरी से अवैध धान परिवहन कर रहे हैं। प्रशासन की सख्ती के बावजूद कोचिए लगातार समितियों में पडोसी राज्य झारखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्रों का धान खपा रहे हैं। सख्ती के बावजूद समिति प्रबंधकों एवं क्षेत्र के किसानों की मिली भगत से चल रहे कोचियों के इस खेल पर रोक नहीं लग पा रही है। कोचियों द्वारा जंगल के रास्ते झारखण्ड का धान खपाने की सूचना पर तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मंगलवार को सीमावर्ती ग्राम अनिरूद्धपुर पहुंची थी। सुबह 11 बजे सीमावर्ती क्षेत्र से एक बिना नंबर का पिकअप आते देख राजस्व कर्मियों ने वाहन रोक कर जांच की तो उसमें 55 बोरी धान मिला। पूछताछ में चालक ने बताया कि वह झारखण्ड के सीमावर्ती ग्राम खुरी से धान परिवहन कर रहा है। तहसीलदार ने धान लोड पिकअप को जब्त कर पुलिस के सुपुर्द किया है। ग्राम अनिरूद्धपुर में राजस्व अमले ने ढाई घंटे बाद सीमावर्ती ग्राम खुरी से 60 बोरी अवैध धान परिवहन करते पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीसी 2361 को जब्त किया। अवैध धान लोड दोनों पिकअप को थाना में खड़ा किया गया है।

109 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बजट की जरूरत

राशि के अभाव में 8 महीनों से ठप पड़ा है मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महा विद्यालय के अस्पताल भवन माता राजमोहिनी देवी स्मृति चिकित्सालय का निर्माण राशि के आभाव में विगत आठ महीनों से ठप पड़ा हुआ है। कॉलेज भवन व अन्य निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद पढ़ाई का कार्य तो शुरू हो गया है लेकिन अस्पताल भवन का कार्य शुरू नहीं होने से छात्र छात्राओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जबकि संभाग भी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की सम्पूर्ण व्यवस्था से महरूम है। अस्पताल प्रबंधन व निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण हेतु 109 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बजट का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था लेकिन लम्बा समय बीतने के बाद भी राशि की स्वीकृति नहीं मिल पाई। वहीं अब सत्ता परिवर्तन होने व सरगुजिहा सीएम मिलने के बाद एक बार फिर से अटके हुए निर्माण कार्य के लिए राशि मिलने की उम्मीद जगी है। बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 374 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, क्वाटर, सहित अन्य निर्माण अलग अलग हिस्सों कराए जा रहे थे। इसी वर्ष 7 जुलाई को मेडिकल कॉलेज भवन, छात्रावास के 7 ब्लॉक, आवासीय परिसर सहित केंद्रीकृत रसोई आदि के भवनो का लोकार्पण हुआ था लेकिन कोविड महामारी और मेडिकल कॉलेज के नवीन चिकित्सालय भवन की भूमि को लेकर चले न्यायालयीन प्रकरण के कारण मेडिकल कॉलेज का निर्माण विलंबित हुआ। निर्माण में हुई देरी के कारण निर्माण सामग्री की कीमतों में वृद्धि होने के साथ ही 374 करोड़ का प्रोजेक्ट बढ़कर 483 करोड़ रुपए तक पहुंच गया था। राशि की कमी के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे थे और अंततः अप्रैल माह में विभाग द्वारा कॉलेज व अन्य भवनों के कार्य को पहले पूर्ण करा लिया गया लेकिन अस्पताल भवन का निर्माण अंततः रोका पड़ा।

खास बात

- शासन को भेजा गया था प्रस्ताव, सरकार बदलने के बाद जगी उम्मीद

निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन।

लगातार भेजे गए प्रस्ताव लेकिन नहीं मिली स्वीकृति

अस्पताल भवन में अतिरिक्त बजट की वृद्धि होने के बाद कॉलेज प्रबंधन के साथ ही निर्माण एजेंसी द्वारा 62.05 व 47.35 करोड़ के दो प्रस्ताव शासन को पूर्व में भेजे गए थे। निर्माण कार्य को शुरू करने के लिए कुल 109 करोड़ रुपए की आवश्यकता है लेकिन राशि के लिए लगातार पत्राचार करने के बाद भी शासन स्तर से कोई पहल नहीं हो पाई और फाइल मंत्रालय में ही पेंडिंग पड़ी हुई है इस बीच शासन द्वारा मेडिकल कॉलेज के अस्पताल भवन का नाम माता राजमोहिनी देवी के नाम पर कर दिया गया लेकिन अटके हुए निर्माण के लिए राशि जारी नहीं हुई। अब सत्ता परिवर्तन के बाद पूर्व डिप्टी सीएम व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने भी प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर बजट में मेडिकल कॉलेज के लिए 109 करोड़ के अतिरिक्त राशि का प्रावधान करने की मांग की है। सत्ता बदलने और सरगुजिहा सीएम होने के बाद एक उम्मीद भी लोगों में जगी है जिससे आने वाले समय में प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

अब तक 65 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन के निर्माण हेतु शासन से कुल 374 करोड़ की स्वीकृति मिली थी। स्वीकृति के बाद मार्च 2019 में टेंडर 366 करोड़ की लागत से निर्माण के लिए टेंडर किया गया था और इसमें 168 करोड़ से हॉस्पिटल भवन का काम होना था। पांच मंजिला अस्पताल भवन में बिल्डिंग को खड़ा करने का कार्य तो हो गया है लेकिन फिनिशिंग के साथ ही दरवाजा, खिड़की, गैस, ऑक्सीजन पाइप पाइन, एसी, बिजली सहित अन्य निर्माण कार्य शेष है। अस्पताल भवन में अभी तक 65 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण होने की बात कही जा रही है जबकि शेष कार्य के लिए 109 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बजट की आवश्यकता है। भवन का निर्माण पूर्ण नहीं होने के कारण मेडिकल कॉलेज के छात्र छात्राएं अपनी पढ़ाई अच्छे ढंग से नहीं कर पा रहे है इसके साथ ही संभाग भर से आने वाले मरीजों को भी उच्च स्तरीय सुविधाएं नहीं मिल पा रही है।

भेजा जा चुका है प्रस्ताव

राशि खत्म होने के कारण मेडिकल कॉलेज के अस्पताल भवन का निर्माण रुका हुआ है। पूर्व में शासन को राशि के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। राशि मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

-वीके सिंह वेदिया
ईई लोनिवि

शराबियों द्वारा फेंकी गई शराब की बातलें।

जिला ग्रंथालय बना नशेड़ियों का ठिकाना, जमकर मचा रहे उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

विद्या ग्रहण करने का स्थान जिला ग्रंथालय इन दिनों शराबी व अपराधी किस्म के लोगों का सुरक्षित अड्डा बन गया है। शाम ढलते ही नशेड़ी युवकों का का यहां जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है जो जमकर शराब पीने के साथ ही बोतलों को परिसर में तोड़कर फेंक देते है। नशेड़ियों के कारण शाम ढलते ही पढ़ाई करने वाले युवा इस क्षेत्र में आने से भी घबराते है। हैरानी की बात तो यह है कि लोगों की शिकायत के बाद भी इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद है। बता दें कि बच्चों को शिक्षा की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2014-15 जिला मुख्यालय में ग्रंथालय का निर्माण किया गया था। जिला ग्रंथालय में बच्चे आकर पढ़ाई कर रहे थे लेकिन अब यह स्थान शराबी व नशेड़ी किस्म के लोगों का अड्डा बन चुका है। बड़ी संख्या में नशेड़ी युवक यहां आकर शराबखोरी करते है और बोतलों को फोड़कर बिखेर देते है। ऐसे में इस मार्ग पर लोगों को पैदल तो दूर दो पहिया या चार पहिया वाहन से चलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शराबियों की मौजूदगी के कारण जिला ग्रंथालय को शाम ढलते ही बंद करना पड़ता है क्यों कि नशेड़ियों के कारण लोग शाम के समय जिला ग्रंथालय आने से कतराते है। लोगों का कहना है कि शाम के चार पांच बजते ही अपराधी किस्म के लोग पहुंचने लगते है। बड़ी बात यह है कि जिला ग्रंथालय की इस दुर्गति से जिले के आला अधिकारी भी वाकिफ है लेकिन अब तक इसकी व्यवस्था में सुधार और नशेड़ी युवकों पर कार्रवाई को लेकर कोई पहल नहीं की जा सकी है। पूर्व में इस क्षेत्र में पुलिस द्वारा भी नियमित रूप से गस्त किया जाता था लेकिन अब पुलिस भी अपनी मौजूदगी क्षेत्र में दर्ज नहीं करा पाती है और यही वजह है कि शराबी व नशेड़ी लोगों के हौसले बुलंद है। इस संबंध में थाना प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी ने कि क्षेत्र में नियमित रूप से गस्त किया जा रहा है। जिला ग्रंथालय क्षेत्र में भी नियमित गस्त हो रही है। पेट्रोलिंग के समय में परिवर्तन कर शराबी व हुड़दंगी लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- शाम ढलते ही लगती है शराबियों की महफिल, समय से पहले ही बंद करना पड़ता है ग्रंथालय

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मेधावी छात्र छात्राओं, वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान

गुरु घासीदास जयंती पर सतनामी समाज ने की विधि-विधान से पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती सतनामी समाज द्वारा विधि विधान से मनाई गई। इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा गुरु घासीदास उद्यान में जैतखंभ की पूजा अर्चना की गई और गुरुघासी दास जी के संदेशों का वाचन किया गया। बता दें कि सतनामी सेवा समिति द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयंती के अवसर पर गुरु घासीदास उद्यान में स्थित जैतखंभ की पूजा अर्चना हेतु वृहद् कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाज के पुरुष, महिलाएं, बच्चे व युवा शामिल हुए। इस दौरान विधि विधान से जोड़ा जैतखंभ की पूजा अर्चना की गई और झंडा लगाया गया। इसके साथ ही गुरु घासीदास जी के 7 संदेशों व 42 वचनों का पाठन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष द्वारा लोगों को गुरु घासीदास मानव समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश दिया। इसके साथ ही समाज के लोगों इस उनके संदेशों को आत्मसात करते हुए गुरुघासी दास जी के बताए मार्गों पर चलने का आह्वान किया। शाम को समाज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाज के बच्चे व युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं समाज द्वारा मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जबकि समाज की ओर से छोटे बच्चों को सामग्री का वितरण किया गया। इसके साथ ही जयंती के अवसर पर चिकित्सा महाविद्यालय में पढ़ने वाले समाज के छात्र छात्राओं व कार्यरत चिकित्सकों, विभिन्न विभागों में पदस्थ समाज के लोगों, समाज के वरिष्ठ लोगों को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान सतनाम सेवा समिति के ब्रिज किशोर, नवरत्न, मनोज लहरी, नारायण, वैभव, महेश दिनकर, पुपलेश कुमार, सहित अन्य मौजूद थे।

ग्राम पंचायत कटकोना में मनाई गई गुरु घासी दास जयंती

रजपुरी कला। गुरु घासीदास जयंती बड़े ही धूमधाम से ग्राम पंचायत कटकोना के अंबेडकर वार्ड में रविदास समाज के सभी सदस्यों की उपस्थिति में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलराम खांडे की उपस्थिति में गुरु घासी दास तथा समाज के अन्य महापुरुषों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर, संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में समाज को महापुरुषों के विचार धारा को अपनाने, समाज में सुधार लाने, पुराने विचारधारा को त्याग कर वर्तमान परिवेश में रहने, बच्चो की शिक्षा पर ध्यान, समाज में व्याप्त अंधविश्वास आदि अन्य विषयों पर चर्चा कर समाज के लोगों को जागरूक किया। इस दौरान धर्मेन्द्र कुमार झारिया, अशोक सोनवानी, संतोष गुप्ता, जगदीश सिंह, सुखदेव चौधरी, सुखलाल झारिया, अमर साय, प्रकाश गढ़वारी, जागेश्वर खांडे, मोहन राम, राजू चौधरी, अजय झारिया सहित अन्य उपस्थित थे।

नाबालिगों ने मिलकर दिया पेट्रोल बम कांड को अंजाम, एक गिरफ्तार

अंबिकापुर। महामाया रोड स्थित एक घर में पेट्रोल बम से हमला करने में नाबालिग किशोरों के शामिल होने की बात सामने आई है। घटना को अंजाम देने वालों में से एक नाबालिग को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है जबकि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। बता दें कि महामाया रोड निवासी 36 वर्षीय नजील उर्फ बाबू आ. स्व. खलील के घर पर 17 दिसंबर की रात अज्ञात लोगों ने पेट्रोल बम से हमला किया था। युवक के घर पर लगातार तीन पेट्रोल बम फेंके गए थे। पेट्रोल बम के धमाकों से परिवार दहशत में आ गया था जबकि क्षेत्र में भी हड़कंप मच गया था। शहर में पहली बार पेट्रोल बम जैसे हथियार से वारदात को अंजाम देने की घटना के बाद पुलिस प्रशासन भी हरकत में आई थी। युवक की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 336, 285, 436 के तहत अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी। सीसीटीवी फुटेज व जांच के अआधार पर पुलिस ने विधि से संघर्षरत एक नाबालिग को पकड़ा है। पकड़े गए नाबालिग ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर पेट्रोल बम फेंकने की बात कबूल की है। बताया जा रहा है कि घटना को अंजाम देने वाले सभी आरोपी नाबालिग ही है। फिलहाल पुलिस द्वारा विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा मे लेकर माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है इसके साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

- घर पर फेंके थे तीन पेट्रोल बम, शेष आरोपियों की तलाश जारी

यूपी से सुरक्षित वापस लौट बंधक बनाए गए युवक

अंबिकापुर। यूपी के बागपत में बंधक बनाए गए मजदूर युवक आज सुरक्षित वापस लौट आए है। वापस लौटे युवकों से कलेक्टर एसपी ने मुलाकात की व उनका कुशलक्षेम पुछा। अब युवकों को उनके गृहग्राम के लिए रवाना कर दिया गया है। बता दें कि मैनपाट के सुपलगा क्षेत्र के रहने वाले पहाड़ी कोरवा युवा उत्तर प्रदेश के बागपत क्षेत्र में मजदूरी करने के लिए गए हुए थे जहां युवकों से गन्ना खेत में काम कराया जा रहा था कर काम के बदले उन्हें मजदूरी नहीं दी जा रही थी और ना ही उन्हें वापस लौटने दिया जा रहा था। ऐसे में युवकों ने वीडियो बनाकर वायरल किया था और मदद की गुहार लगाई थी। इस घटना के सामने आने के बाद शासन स्तर पर भी हड़कंप मचा और सीएम विष्णु देव साय ने युवकों की वापसी के निर्देश दिए थे जिसके बाद कलेक्टर कुंदन कुमार व एसपी सुनील शर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों ने बागपत में अधिकारियों से बात कर बंधक बनाए गए मजदूरों को मुक्त कराया। बताया गया कि बागपत में मैनपाट के सुपलगा, पटपरिया, चिरगा के 15 युवक गए हुए थे और उनमें से पांच युवकों ⏭शेष पेज 4 पर

- कलेक्टर एसपी ने की मुलाकात, पांच युवक आए घर

एसडीएम ने देर रात छात्रावास का किया निरीक्षण

सीतापुर। सत्ता परिवर्तन के बाद प्रशासनिक अधिकारी भी एक्शन मोड़ में आ गए है। कलेक्टर के निर्देश पर क्षेत्र में कार्रवाई की जा रही है। इस बीच एसडीएम रवि राही ने बीती रात प्री-मैट्रिक छात्रावास नर्मदापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में बच्चों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के साथ ही बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की व्यवस्था देख एसडीएम संतुष्ट नजर आए। एसडीएम ने बच्चों से पढ़ाई लिखाई के बारे में बात की। उन्होंने बच्चों से कहा कि पढ़ाई के दौरान कोई भी दिक्कत हो तो उनसे साझा कर सकते है। एसडीएम ने मैनपाट में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड से बचाव के बारे में जानकारी ली। चर्चा के दौरान बच्चों ने एसडीएम के समक्ष खुलकर अपनी बातें रखी।

गांधीनगर में शासकीय भूमि को कराया गया कब्जा मुक्त, मोहल्ले वासियों ने की थी शिकायत

सुबह-सुबह अतिक्रमण पर चला जिला प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार की सुबह भी जिला प्रशासन व नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा शहर के गांधीनगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान टीम द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटा दिया गया है।

प्रशासन की इस कार्रवाई से मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली है। बताया जा रहा है कि गांधीनगर के प्लॉट नंबर 19/1 पर तालाब की भूमि के समीप शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। इस अतिक्रमण के खिलाफ वार्डवासियों द्वारा लम्बे समय से विरोध किया जा रहा था और अवैध निर्माण की शिकायत जिला प्रशासन से की गई थी। उक्त भूमि से आम नागरिकों द्वारा तालाब तक निस्तार के रूप में उपयोग किया जाता था लेकिन अतिक्रमणकारी द्वारा भूमि पर कब्जा कर मार्ग को बाधित कर दिया गया था। अतिक्रमण को हटाकर बेदखली की करवाई के लिए तहसीलदार द्वारा आदेश जारी किया गया था। वहीं लोगों द्वारा पुनः मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई थी। शिकायत के बाद कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर आज एसडीएम फागेश सिन्हा के नेतृत्व में राजस्व व नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची थी। इस दौरान प्रशासनिक टीम द्वारा बुलडोजर से अवैध अतिक्रमण को गिरा दिया गया है। बताया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति द्वारा पूर्व में भी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया था जिसे प्रशासन द्वारा हटाया गया था लेकिन अतिक्रमण हटाने के बाद पुनः उसी स्थान पर कब्जा कर निर्माण करा लिया गया था। आज प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई का वार्डवासियों ने समर्थन किया। इसके साथ ही आज एसडीएम व तहसीलदार के मार्गदर्शन में राजस्व निरीक्षकों एवं हल्का पटवारी की संयुक्त टीम ग्राम फुन्दूरडिहारी पहुंची। टीम द्वारा उन्होंने यहां स्थित शासकीय नजूल भूमि भू-खण्ड क्रमांक 20, 322, 19/1 रकबा 0.186, 0.211, 0.097 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन किया।

खबर संक्षेप

आईटी क्विज में कम्प्यूटर विभाग ने मारी बाजी

अम्बिकापुर। श्री साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ. विवेक गुप्ता के निर्देशन में आयोजित आईटी क्विज प्रतियोगिता में कला एवं समाज कार्य, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग, फिजीकल साईंस, लाइफ साईंस, शिक्षा संकाय, कम्प्यूटर एवं आईटी विभाग के विद्यार्थियों ने भागीदारी की। चार चरणों में आयोजित प्रतियोगिता में पहला चरण बहुविकल्पीय, दूसरा प्रतीक चिन्ह आधारित, तीसरा सत्य-असत्य तथा चौथा चरण रैपिड फायर आधारित रहा। प्रतियोगिता में कम्प्यूटर साईंस एवं आईटी विभाग विजेता रहा। दूसरे स्थान पर वाणिज्य एवं प्रबंधन तथा तीसरे स्थान पर लाइफ साईंस विभाग रहा। प्रतियोगिता के प्रारंभ में आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. आरएन शर्मा ने विज्ञान की जानकारियों एवं प्रत्यूत्पन्नमति को लेकर प्रेरित किया। क्विज की स्कोरर नीतू सिंह, सोनाली गोस्वामी तथा प्रस्तुति में विवेक खलखो, दीपा तिवारी, सुमन मिंज सहयोगी रही।

महेश्वर भगत सचिव संघ के बने अध्यक्ष

बतौली/सेदम। विकासखंड बतौली में सचिव संघ का गठन किया गया जिसमे विकासखंड के

सभी 36 सचिव ने भाग लिया। सर्वसम्मति से महेश्वर भगत ब्लॉक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पारस पैकरा, सचिव जलप्रताप और कोषाध्यक्ष शोभेन तिग्गा को निर्विरोध चयन किया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष बने महेश्वर भगत ने कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है उसे पूरी निष्ठा से पालन करूंगा।

केआर टेक्निकल कॉलेज के 7 दिवसीय शिविर का उद्घाटन

अम्बिकापुर। केआर टेक्निकल कॉलेज के रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ग्राम संजयनगर में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पांडेय ने किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. रितेश वर्मा ने कहा कि मुझको नहीं तुमको उद्देश्य बनाकर काम करें। डॉ. एसएन पांडेय ने कहा कि रासेयो व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम तथा शिविर स्वयं सेवकों के लिए एक प्रायोगिक कार्य है जिसे पूर्ण कर स्वयं सेवक अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकता है।

छात्र-छात्राओं ने किया योग प्राणायाम का अभ्यास

अम्बिकापुर। योग आयोग एवं पतंजलि योगपीठ द्वारा नई दिशा आवासीय विद्यालय गंगापुर में निवासरत बालक-बालिकाओं को शनिवार को योग के माध्यम से जीवन प्रबंधन करने का प्रशिक्षण दिया गया। आयोजन में योग शिक्षक कमलेश सोनी ने छात्र-छात्राओं को योग प्राणायाम से मिलने वाले लाभ की जानकारी देने के साथ ही उनसे विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने स्वास्थ्य जीवन के लिए बच्चों को नियमित आसन, प्राणायाम का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

25 दिसंबर को मनाया जाएगा सुशासन दिवस

अम्बिकापुर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती 25 दिसंबर सुशासन दिवस के रूप में राज्य के सभी जिलों एवं ग्राम पंचायतों में मनाई जाएगी। राज्य शासन द्वारा सुशासन दिवस 25 दिसंबर के पूर्व ग्राम पंचायतों में पहले से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई आवश्यक मरम्मत आदि कराने के निर्देश दिए गए हैं। सुशासन दिवस के दिन निर्वाचित जनप्रतिनिधि और आम नागरिक ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लेंगे। इसी क्रम में ग्राम और ग्राम पंचायतों में 25 दिसंबर से आगामी एक सप्ताह तक स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने राज्य के सभी कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सुशासन दिवस के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। जिसके परिपालन में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने सीईओ जिपं नूतन कंवर एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

सरकार को हर रोज हो रहा राजस्व का नुकसान

बंद पड़ी खदान में धड़ल्ले से हो रही कोयला चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

एसईसीएल भटगांव क्षेत्र में बंद पड़े कोयला खदानों से कोयले की चोरी धड़ल्ले की जा रही है। कोल माफिया अपनी जेबे गरम करने में लगे है तो वही सरकार को रोजाना लाखों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। अवैध खनन को रोक पाने में खनन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन असफल है। यहां दो पालियों में कोयले की अवैध खुदाई होती है। बताया जाता है कि प्रतिदिन कई टन कोयले की निकासी की जाती है। जिस प्रकार कंपनी द्वारा अंडरग्राउंड कोयला खदान खोला जाता है उसी प्रकार से चोरों द्वारा भटगांव स्थित ओसिएम बंद खदान में चट्टान के नीचे सुरंग बनाकर अंदर ही अंदर अंडरग्राउंड खदान खोलकर सैकड़ों पिलर के साथ दर्जनों सुरंग के रूप में कई किलोमीटर की एरिया को गोलाकार में लेकर कूपनुमा गड्ढा खोदकर कोयला निकाला जाता है। जिस कारण खदान बने गड्ढे में कभी भी जान माल की क्षति हो सकती है। हालांकि समय-समय पर अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए पुलिस अभियान चलाती रही है। मगर आजतक किसी की गिरफ्तारी नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद है।

खास बात

- जिम्मेदार हैं नदारद

कोयला निकालने के लिए चोरों द्वारा बनाए गए सुरंग।

दूर दराज क्षेत्रों में खपाते हैं कोयला

खदान से निकाले गए कोयले को साइकिल व बाइक पर लाद कर दूरदराज के इलाकों में बेचा जाता है। राहगीरों का कहना है कि अवैध कोयले की ढुलाई इस कदर बढ़ गई है सड़कों पर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा भटगांव क्षेत्र के बंद पड़ी कोयला खदान में जिस तरीके से सुरंग बनाकर कोयला निकाला जा रहा है उससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

नहीं रुक रही चोरी की घटनाएं

एसईसीएल की खदानों की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ और एसईसीएल के सुरक्षा गार्ड के जवानों को भी तैनात किया गया है। इसके बाद भी खदानों में चोरी की घटनाएं नहीं रुक रही है। जहां बंद पड़े ओसिएम कोयला खदान के चट्टानों में चोरों द्वारा एक बड़ी सुरंग बनाकर कोयला का अवैध उत्खनन किया जा रहा है उस स्थान से कुछ ही दूर पर सीआईएसएफ कैंप बना हुआ है। लेकिन बनाए गए अवैध सुरंग की जानकारी इन जवानों को नहीं और बेधड़क कोयले की चोरी हो रही है जिससे कोयला कंपनी को रोजाना लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है।

पुलिस के गश्त पर भी उठ रहे सवाल

पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार रात में पेट्रोलिंग की जाती है। जिसका दिशा-निर्देश लगातार बीच-बीच में जिला प्रशासन द्वारा संबंधित क्षेत्र अधिकारियों को दिया जाता है। लगातार पुलिस पेट्रोलिंग के बाद भी ऐसे कार्यों पर अंकुश न लगना कई तरह के सवाल खड़ा करता है।

सुरंग को करना था ब्लास्टिंग

सुरंग बनाए जाने की जानकारी है जिसे लेकर एसईसीएल के महाप्रबंधक भटगांव व अन्य अधिकारी सहित सुरक्षा प्रभारी कोयला चोरों द्वारा जहां सुरंग बनाई गई है वहां 8 दिन पहले जाकर निरीक्षण किया गया है। उस सुरंग को ब्लास्टिंग करने की बात कही गई थी परंतु अभी तक नहीं हो सका है।

एसजी लोकनाथ डेक्सेना
सुरक्षा प्रभारी ओसियम एसईसीएल भटगांव

डीएवी विश्रामपुर में छात्र-परिषद का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में वोटिंग के माध्यम से चयनित छात्र-परिषद के सदस्यों का बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक एवं ए एम चौबे, सी पंडा, पीके वैद्य, दीपक वासवानी, अर्पणा मिश्रा, चित्रावती मिश्रा, मिनी मोल डिसिल्वा आदि वरिष्ठ अध्यापक-अध्यापिकाओं के द्वारा छात्र-परिषद के सभी पद अधिकारियों व सदस्यों का गठन किया गया, इसमें राजवीर सोनी को हेड ब्वॉय एवं शिवानी जायसवाल - हेड गर्ल, सौरभ यादव एवं अंजलि सिंह, स्कूल कैप्टन, प्रियांशु सिंह ठाकुर एवं नैवेद्या नारायण डिसिप्लिन कैप्टन, साजू सारथी एवं रक्षा खत्री-स्पोर्ट्स कैप्टन , राहुलराज एवं भूमिका सिंह-कल्चरल कैप्टन तथा मनविंदर सिंह-वाइस हेड ब्वॉय एवं स्नेहा प्रेरणा कुजूर-वाइस हेड गर्ल, आदर्श सिंह एवं आकृति कुशवाहा को वाइस स्कूल कैप्टन, सूर्यांश शर्मा एवं सृष्टि ठाकुर-वाइस डिसिप्लिन कैप्टन, पीयूष कुमार एवं सौम्या कुजूर-वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन, आदित्य गिरि एवं दृष्टि ठाकुर-वाइस कल्चरल कैप्टन को शेस पहनाकर उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय प्राचार्य द्वारा सभी पद अधिकारियों व सदस्यों को अपने दायित्वों का सत्य निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु शपथ दिलाई गई। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं एसईसी एल विश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय तिवारी ने छात्र परिषद के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं कीं। आयोजन को सफल बनाने में समस्त विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ अध्यापक एलके दास ने किया।

विधायक ने निर्माणाधीन सड़क पुल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

सड़क निर्माण में लापरवाही व गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर क्षेत्रीय विधायक ने विभाग के अधिकारियों व ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक के निर्देश के बाद फिलहाल विभाग द्वारा निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। बता दें कि नव निर्वाचित विधायक राम कुमार टोप्पो विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है।

- गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर लगाई अधिकारियों को फटकार

इसी कड़ी में विधायक श्री टोप्पो पीएमजीएसवाई योजना के तहत मैनपाट में बनाए जा रहे कार्निवाल पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसी सड़क के निर्माण की गुणवत्ता में लापरवाही व अधिकारियों की गैर मौजूदगी पर विधायक ने जमकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन पर जमकर फटकार लगाई और तत्काल काम रोकने के निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि कमलेश्वरपुर से कार्निवाल पहुंच मार्ग तक 50 लाख की लागत से सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित मापदंडों के विपरीत सीसी सड़क का कार्य कराया जा रहा था जबकि गुणवत्ता पर निगरानी रखने के लिए कोई अधिकारी मौजूद नहीं था। विधायक ने निर्माण रोकने के साथ ही अधिकारियों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए। इसके साथ ही विधायक ने ग्राम सुपलगा में चल रहे पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं उन्होंने वन विभाग द्वारा सुपलगा में कराए जा रहे सड़क निर्माण का भी आकस्मिक निरीक्षण किया।

विभाग के कार्यपालन अभियंता यतींद्र शुक्ला ने बताया कि विधायक के निर्देश पर फिलहाल काम बंद है। मौके पर मशीनें भेजकर गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी। इसके साथ ही विधायक के निर्देश के बाद ही काम शुरू कराया जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मैनपाट रजनीश पांडेय, संजय भगत, रवि भोय समेत संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कार्रवाई

यातायात विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

पुलिस द्वारा जिले में यातायात नियमों का पालन कराने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना नंबर प्लेट के वाहनों को रोककर उन्हें समझाइस दी गई और वाहनों में नंबर प्लेट लगाए गए।

इसके साथ ही भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बता दें कि एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिले में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत आज यातायात प्रभारी विमलेश कुमार देवांगन के नेतृत्व में चांदो चौक पर पुलिस द्वारा चेकिंग प्वाइंट लगाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों एवं आड़े तिरछे नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों को रोककर नंबर प्लेट लगवाया गया और नंबर लिखवाने के साथ ही उन्हें नियमों का पालन करने की समझाइस दी गई। इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा लोगों को नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई और भविष्य में नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस दौरान सउनि अशोक तिर्की, प्रधान आरक्षक बूटन सिंह, आरक्षक अमित मिंज, राकेश सिंह, नरेंद्र यादव, कुमार सानू, महिला आरक्षक इंद्रमुनि कुजूर उपस्थित रहे।

कार्रवाई करती यातायात पुलिस।

रासेयो शिविर का समापन

अम्बिकापुर। होलीक्रॉस विमेंस कॉलेज द्वारा ग्राम पंचायत मेंड्रा खुर्द में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन किया गया। नशामुक्त एवं समाज के लिए युवा थीम पर आयोजित शिविर में स्वयं सेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। समापन दिवस पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरिता भगत ने सप्ताह भर के कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। स्वयं सेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस एन पांडेय ने कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति की अपनी भूमिका होती है। छात्र जीवन में श्रम करने से शरीर स्वस्थ रहता है, जो व्यक्ति श्रम साध्य कर्मों में लगता है उसे कोई बीमारी नहीं होती। स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास के साथ उन्हें ग्रामीण जुड़ने का अवसर मिलता है। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र दास सोनवानी, रंगकर्मी, कृपानंद तिवारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 जनवरी 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

सरगुजा मार्केट

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
सलाहकार अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर (छ.ग.)
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ. आर. के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
दिनांक-24 दिसंबर 2023, रविवार
समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कॉर्डियोलॉजिस्ट)
डॉ. रोशन लाल वर्मा
MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी. बी., छाती एवं एलर्जी
दिनांक-24 दिसंबर 2023, रविवार
समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग | चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
डॉ. आकाश अग्रवाल — एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी) एमसीएच (यूरोलॉजी एंड रीनल ट्रांसप्लांट) कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट एंड्रोलॉजिस्ट एंड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन
डॉ. भाविक शाह — डी.एन.बी. (मेडिसीन) डी. एन. बी. (गैस्ट्रो) एम. आर. सी. पी. एस. सी. ई. (गैस्ट्रो) पूर्व सलाहकार अपोलो ग्लैनिगल्स हॉस्पिटल कोलकाता)
डॉ. रवि जायसवाल — MD Medicine, DNB Medical ONCOLOGY, MRCP, ECMO Fellow at Cleveland Clinic, USA Consultant-Medical Oncology and Hematooncology
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 24 दिसंबर 2023, रविवार
डॉ. गौरव त्रिपाठी — एमडी, डीएम, कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. राहुल अहलुवालिया — एम.एस, एम. सी. एच न्यूरोसर्जरी
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

SRS HOSPITAL न्यूनतम दर उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं
- जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा, आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
- 24X7 आपातकालीन सुविधा, क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर एडवांस आई. सी. यू. यूनिट, निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
- 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
More information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

अमृत काढ़ा काजमी — यह दवा मात्र तीन खुराक के सेवन से 8 प्रकार के बुखारों को 100 प्रतिशत ठीक करती है।
विजरा माल्ट — यह दवा पुरुष बांझपन एवं नपुंसकता का विश्व का सबसे उत्तम दवा है। पैथोलैब टेस्ट में एक भी शुक्र कीट मिलने पर 100 प्रतिशत ईलाज।
विजरा पावर — यह दवा पहले दिन पहले खुराक से ही सेक्स की कमजोरी को दूर कर शीथिलता एवं शीघ्रतपन को समाप्त कर सम्पूर्ण आनंद की अनुभूती करायेगा
निर्माता:- चिराग हर्बल- घड़ी चौक, अम्बिकापुर, वैद्य जी मो. 9826461355

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
- 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेड़ापन, सिफलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध हैं
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

पुरुष/गुप्त रोग
मिलकर जीवन को सफल बनायें समस्या आपका समाधान हमारा
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी ज्यादा हस्तमैथुन या बढ़ती उम्र में आई नसों की कमजोरी, उत्तेजना में कमी, धातु गिरना जैसे संबंधित रोगों का आयुर्वेदिक दवा द्वारा सफल ईलाज
100% गारंटी ईलाज
समय प्रातः 8 बजे से रात 8 बजे तक
क्या आप निराश हो चुके हैं, हमसे एक बार जरूर मिलिए
डॉ. एस. कुमार 7908772802
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता: भैयाथान रोड, मिश्रा गली अग्रसेन भवन के पास सूरजपुर (छ.ग.)

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी.) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रहन लसी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

19 Dec-Jash pg 3_Layout 1 12/19/2023 7:25 PM Page 1

'सालार' के दूसरे ट्रेलर में दिखी जिगरी दोस्तों की कट्टर दुश्मनी

नई दिल्ली। इस साल की मचअवेटेड फिल्म 'सालार' का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। वहीं फिल्म के दूसरे ट्रेलर की बात करें तो 2.54 मिनट का यह ट्रेलर आपके होश उड़ा गड़ा देगा। फिल्म की कहानी पर्शियन साम्राज्य के सुल्तान की है। उनके जीवन में चाहे कितनी भी मुश्किल क्यों ना आए, वे अपने खूंखार सेना को बिना बताए सिर्फ एक को कहता था। सुलतान जो भी कहता वह उसे लाकर देता था और जो ना चाहे उसे मिटा देता था, लेकिन कहानी में ट्विस्ट तो तब आएगा जब सुलतान की जीहजूरी करने वाला उसका ये दोस्त कट्टर दुश्मन बन जाता है। बता दें कि पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में सुलतान का किरदार निभा रहे हैं, जो एक विलेन है।

लाइफ Style

जया

'कड़क सिंह' में करेगी डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बांग्लादेश की पांच बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री राष्ट्रीय पुरस्कार की विजेता जया अहसन, जानेमाने अभिनेता पंकज त्रिपाठी के साथ अनिरुद्ध रॉय चौधरी के निर्देशन में बनी फिल्म "कड़क सिंह" से बॉलीवुड में कदम रखेंगी। जया ने पहले बंगाली भाषा में भारतीय फिल्मों में अभिनय किया है और इसके लिए कई पुरस्कार भी जीते हैं। एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली अभिनेत्री ने 110 से अधिक बंगलादेशी और भारतीय बंगाली फिल्मों, टीवी धारावाहिकों, टेलीफिल्मों और वेब शो में काम किया है और दोनों देशों में फिल्मों का निर्माण किया है। जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है 'हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है'। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म 'फरेश्ता' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कड़क सिंह' शामिल हैं। अभिनेत्री एक प्रशिक्षित क्लासिक गायिका भी हैं और उनके पास रवीन्द्र संगीत में डिप्लोमा है। हिंदी सिनेमा में जया की शुरुआत दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है, जो उन्हें एक बहुमुखी अभिनेत्री बनाएगी।

जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है 'हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है'। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म 'फरेश्ता' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कड़क सिंह' शामिल हैं।

हॉलीवुड मसाला

अभिनेता एक्सेलरोड नहीं रहे

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जैक एक्सेलरोड का निधन हो गया है। उन्होंने 93 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। अभिनेता के प्रतिनिधि जेनिफर गारलैंड ने उनके निधन की सूचना दी और बताया कि एक्सलरोड की 28 नवंबर को लॉस एंजिल्स में प्राकृतिक कारणों से मृत्यु हो गई। जैक एक्सेलरोड ने टेलीसीरीज 'जनरल हॉस्पिटल' में 1987 से 1989 तक 40 एपिसोड के लिए विक्टर जेरोम की भूमिका निभाई।



'रिबेल मून' बनाने के लिए जैक को कहां से मिली प्रेरणा?

लॉस एंजिल्स। 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' अपनी रिलीज के लिए तैयार है। जैक स्नाइडर की यह मूवी 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद यह 22 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, अब जैक स्नाइडर 'रिबेल मून' के पीछे अपनी प्रेरणा और इसे जीवन में लाने की प्रक्रिया के बारे में बात करते देखे गए हैं। 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' उन कॉलेज के दिनों से, यह विचार विकसित हुआ, जो स्नाइडर की अटूट महत्वाकांक्षा में निहित एक साहसी, दो-भाग की गाथा बन गया। इस भावना को प्रतिबिंबित करते हुए, दो फिल्मों को बैक-टू-बैक शूट करने और एक विस्तारित कट शामिल करने का निर्णय फिल्म के सार को प्रदर्शित करता है।

तृप्ति बिजनेसमेन को कर रहीं डेट...

मुंबई। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल से तृप्ति डिमरी की किस्मत ही पलट गई है और वे नेशनल सेंसेशन बन चुकी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं 'एनिमल' की 'भाभी नंबर 2' रियल लाइफ में किसे डेट कर रही हैं? बता दें कि तृप्ति के पहले एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा को डेट करने के रुमर्स थे हालांकि दोनों ने कभी पब्लिकली एक दूसरे के संग रिलेशनशिप में होने की बात को कुबूल नहीं किया है। अब खुलासा हुआ है कि तृप्ति मॉडल से बिजनेसमैन बने सैम मर्चेंट को डेट कर रही हैं। सैम मर्चेंट के इंस्टाग्राम बायो में बताया गया है कि वह वाटर्स बीच लाउंज एंड ग्रिल के फाउंडर हैं जो गोवा में स्थित है। वहीं मीडिया खबरों के मुताबिक, सैम मर्चेंट पहले एक मॉडल थे और 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉन्टेस्ट के विनर भी रहे थे।

बांग्ला 'काबुलीवाला' में आएंगे नजर

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में काम करते नजर आएंगे। गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की लघु कहानी काबुलीवाला पर वर्ष 1961 में फिल्म काबुलीवाला प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में बलराज साहनी ने अब्दुल रहमान खान की भूमिका निभाई थी। उससे पहले वर्ष 1957 में प्रदर्शित इसी कहानी पर बनी बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में छवि बिस्वास ने रहमत की भूमिका निभाई थी। अब बांग्ला भाषा में बनी सुमन घोष निर्देशित फिल्म काबुलीवाला में मिथुन चक्रवर्ती ने रहमत की भूमिका निभाई है।जिओ स्टूडियो और एसवीएफ द्वारा निर्मित यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि यह कहानी अफगानिस्तान या हिंदुस्तान के बारे में नहीं है। यह प्यार, इमोशन के बारे में है।

टीवी मसाला

दूल्हा बने 'जेठालाल' के 'टप्पू' दयाबेन भी आईं नजर...

नई दिल्ली। तारक मेहता का उल्टा चश्मा में जेठालाल का रोल निभाकर फेमस हुए दिलीप जोशी के बेटे की सोमवार को शादी हुई। जोशी परिवार जश्न के माहौल में डूबा है। सोशल मीडिया पर दिलीप के बेटे की शादी का वीडियो काफी वायरल है। इस शादी के फंक्शन में तारक मेहता का उल्टा चश्मा की कास्ट भी नजर आईं। शो में दयाबेन का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस दिशा वकानी भी इस जश्न में शामिल हुईं। दिशा वकानी को शादी के फंक्शन में देख फैंस काफी एक्साइटेड हैं।

फैमिली संग दिखे दिलीप जोशी

सोशल मीडिया पर वायरल शादी के इस वीडियो में दिलीप जोशी अपनी पूरी फैमिली और बेटे के साथ नजर आ रहे हैं। सभी लोग काफी खुश और एक्साइटेड लग रहे हैं। जेठालाल को व्हाइट कलर की शेरवानी और पगड़ी पहने दिख रहे हैं। वहीं उनकी बेटी नियति ब्लू साड़ी पहने नजर आईं।

अन्य कलाकार भी रहे मौजूद

शादी के फंक्शन में सुनैना फौजदार, कोमल हाथी का रोल निभाने वालीं अंबिका, नितीश भलुनी, पलक सिधवानी, आत्माराम का रोल निभाने वाले मन्दार चंदवादकर और उनकी पत्नी स्नेहल भी नजर आईं।

बेटी संग दिखीं दिशा वकानी

वहीं शादी के फंक्शन की जो तस्वीरें वायरल हैं, उनमें दयाबेन यानि दिशा वकानी पिंक कलर के सूट में दिख रही हैं। दिशा वकानी की क्यूट सी बेटी भी साथ में पोज देती दिख रही हैं। वो शो में दिलीप जोशी की पत्नी के रोल में नजर आई थीं। शो में दिलीप और दिशा के बेटे का नाम टप्पू है। मालूम हो कि दिशा वकानी कई सालों से शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से गायब हैं।

41 मजदूर, 17 दिन जिंदगी और मौत की जंग जल्द शुरू होगी 'मिशन सिलक्यारा' की शूटिंग

देहरादून। बॉलीवुड फिल्म प्रोड्यूसर मयंक मधुर जल्द ही उत्तराखंड टनल हादसे पर 'मिशन सिलक्यारा' नाम से फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें प्रधानमंत्री कार्यालय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बीच के कॉर्डिनेशन और मजदूरों को बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के आपसी सहयोग को दिखाया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी फिल्म का मुहूर्त करेंगे और फिल्म की शूटिंग इसी महीने से होने जा रही है।

निर्माता नहीं लेना चाहते कोई रिस्क

हालांकि, निर्माता इस फिल्म में 'मिशन रानीगंज' फिल्म में हुई चूक को लेकर बिल्कुल रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, इसलिए वे मिशन के बारे में समझने और वास्तविकता के भाव को कलाकारों के भीतर उतारने के लिए रात-दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में 17 दिनों तक फंसे रहने के बाद सभी 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

जिद और जुनून की जद्दोजहद फिल्माएंगे

फिल्म में जिद्द और जुनून के बीच जिंदगी बचाने की जद्दोजहद को बहुत ही बारीकी से दिखाया जाएगा। फिल्म निर्माता पत्रकारों, स्थानीय लोगों से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि घटना की बारीकी से बारीकी जानकारी दर्शाने में भूल न हो। फिल्म में म्यूजिक के लिए मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल को लेने पर बात चल रही है।

इन तीनों में कौन हैं रियल रणवीर सिंह...!

नई दिल्ली। बॉलीवुड के सबसे पापुलर एक्टर कहे जाने वाला रणवीर सिंह यानि गली बॉय ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। जी हां, मैडम तुसाद म्यूजियम में रणवीर सिंह का वैक्स स्टैच्यू लगा है। दिलचस्प बात ये है कि रणवीर सिंह पहले ऐसे बॉलीवुड के सेलिब्रिटी हैं, जिनके एक नहीं बल्कि दो मोम की मूर्ति लगाई हैं। वहीं इन तस्वीरों को देखकर फैंस के लिए ये पहचान पाना मुश्किल हो जाएगा कि असली रणवीर सिंह कौन से हैं। वहीं इसकी तस्वीरें रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की हैं। फैंस रणवीर सिंह को ढेर सारी बधाइयां दे रहे हैं।

शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपए चल रही है पीछे

'डंकी' और 'सालार' में कांटे की टक्कर, प्री टिकट सेल में कौन किस पर भारी

मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर अक्सर फिल्मों का क्लैश होता रहता है. हाल ही में 'एनिमल' और 'सैम बहादुर' का टकराव देखने को मिला था। वहीं अब इस लिस्ट में शाहरुख खान और प्रभास की अपकमिंग फिल्में शामिल होने जा रही हैं। दरअसल 'डंकी' और 'सालार' एक दिन के आगे पीछे रिलीज हो रही हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन दो बड़ी फिल्मों का बड़ा क्लैश होने जा रहा है।

कब रिलीज होंगी 'डंकी' और 'सालार'

जहां शाहरुख कल रात 'डंकी' को प्रमोट करने के लिए दुबई में थे, वहीं 'सालार' के निर्माता ने फिल्म की रिलीज से ठीक 3 दिन पहले आज फिल्म का दूसरा ट्रेलर लॉन्च कर दिया। यह देखना दिलचस्प होगा कि यहां से दोनों फिल्मों का सफर कैसा रहता है।

'डंकी' और 'सालार' में कौन चल रहा आगे

'डंकी' और 'सालार' का बॉक्स ऑफिस पर तो टकराव होने ही वाला है। वहीं उससे पहले शाहरुख और प्रभास की फिल्मों के बीच एडवांस बुकिंग में भी टफ कंप्टीशन देखने को मिल रहा है। इसमें 'डंकी' बाजी जीतते हुए नजर आ रही है। प्री टिकट सेल में शाहरुख खान की फिल्म प्रभास स्टारर मूवी से बढ़त बनाए हुए है।

दोनों की स्टार कास्ट व रिलीज डेट

बता दें कि 'डंकी' का डायरेक्शन राजकुमार हिरानी ने किया है। फिल्म में शाहरुख खान के अलावा तापसू पन्नू, बोमन ईरानी और विक्की कौशल सहित कई कलाकार अहम किरदारों में नजर आएंगें। ये फिल्म सिनेमाघरों में 21 दिसंबर को रिलीज होगी। वहीं प्रभास की 'सालार' का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है। फिल्म में प्रभास की अलावा श्रुति हसन, पृथ्वीराज सुकुमारन ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म सिनेमाघरों में 22 दिसंबर को रिलीज होगी।

किसकी कितनी टिकट बिकीं अभी तक

बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट के मुताबिक डंकी ने अपनी एडवांस बुकिंग के पहले दिन 1,44,830 टिकट बेचे हैं और अब तक इसने 4.46 करोड़ रुपये तक की कमाई भी कर ली है। वहीं सालार के अभी तक 1,53,705 टिकटें बिके हैं। एसआरके स्टारर की तुलना में प्रभास की फिल्म के 8875 टिकट ज्यादा बिके हैं, बावजूद इसके इसने लगभग 3.58 करोड़ रुपये का ही कलेक्शन किया है। यानी शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपये पीछे चल रही है। अब इसका कारण यह भी हो सकता है कि भारत के दक्षिण में टिकट की कीमतें लिमिटेड हैं।

खबर संक्षेप

सामान्य से 3.4 डिग्री नीचे पहुंचा रात का पारा

अम्बिकापुर। ठंड से अभी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। हिमालय की बर्फीली हवाएं पहुंचने से पारा में लगातार गिरावट होने का क्रम जारी है। मंगलवार को पूरे दिन उत्तर की शर्द हवाएं चलने एवं कनकनी युक्त ठंड पड़ने के कारण मौसम अधिकारी पारा में और अधिक गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सोमवार को पूरे दिन उत्तर की बर्फीली हवाएं चली, जिसमें प्रभाव से दिन के तापमान में 2.5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई थी, वहीं मंगलवार को रात के पारा में 1.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। दिन में तापमान में भी आंशिक कमी आई है। मंगलवार को भी पूरे दिन ठंडी हवाएं चली, जिससे शाम ढलने के बाद वातावरण में कनकनी बढ़ गई, साथ ही घना कोहरा छा गया। दक्षिण भारत में सक्रिय हवा के गहन परिसंचरण के प्रभाव से ऊपरी आसमान पर बादलों की सक्रियता अभी भी जारी है। मौसम अधिकारी एक-दो दिन बाद पछुआ विक्षोभ का प्रभाव से आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ने एवं बुधवार को घना कोहरा छाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। तापमान में गिरावट होने का क्रम इसी तरह जारी रहा तो एक-दो दिन में शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में शीत लहर की स्थिति निर्मित हो सकती है। सोमवार को पूरे दिन ठंडी हवाएं चलने के बाद मैनपाट के न्यूनतम पारा में वृद्धि दर्ज की गई है तथा रात का तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को न्यूनतम तापमान 5.3 एवं अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। रात का तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री एवं दिन का तापमान सामान्य से 2 डिग्री नीचे पहुंचने के कारण ठंड से लोगों का बुरा हाल है।

शराबी ट्रक चालक ने एनएच 43 पर मचाया उत्पात

सेदम/बतौली। शराब के नशे में धुत्त ट्रक चालक ने आज एनएच 43 पर जमकर उत्पात मचाया। शराबी चालक ने थ्रेसर, बाइक सवार को टक्कर मारने के साथ ही एक छात्रा को भी टक्कर मारकर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा चालक को गिरफ्तार करने के साथ ही ट्रक को जब्त कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह ट्रक क्रमांक जेएच 11-8593 सीतापुर की ओर से आ रहा था। इस दौरान ट्रक चालक ने पहले सेदम में एक थ्रेसर को टक्कर मारा। थ्रेसर को टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर फरार हुआ और भागते समय उसने बतौली में एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया इसके साथ ही उसने एक छात्रा को भी टक्कर मार दी। इस घटना में छात्रा को चोटें आई है। गनीमत है कि ट्रक की चपेट में आने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। घटना की जानकारी मिलने के बाद बतौली पुलिस द्वारा चालक को हिरासत में लिया गया। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि चालक शराब के नशे में धुत्त था। पुलिस द्वारा मामले में धारा 279, 337 के तहत कार्रवाई की गई है।

पेज 1 का शेष...

यूपी से सुरक्षित वापस...

19 वर्षीय रोहित, 22 वर्षीय जसमन, 20 वर्षीय संदीप, 22 वर्ष अजीत, 19 वर्षीय हरीनाथ ने वापस लौटने की इच्छा जाहिर की जिसके बाद उन्हें ट्रेन से वापस सरगुजा लाया गया। आज देर शाम एसडीएम रवि राही ने वापस लौटे युवाओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने कलेक्टर एसपी से मुलाकात की।

कड़कड़ाती ठंड में आधा दर्जन गांव के लोग परेशान

कोरबा जिले से पहुंचे 9 हाथियों का उदयपुर व सूरजपुर क्षेत्र में कहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

नौ हाथियों के दल ने पीछले 9 दिनों से सूरजपुर व उदयपुर क्षेत्र में जमकर उत्पात मचा रहा है। उदयपुर व सूरजपुर सीमावर्ती क्षेत्र में डटे हाथियों के झुंड ने नौ दिन के भीतर न सिर्फ 10 घरों को क्षतिग्रस्त किया बल्कि आसपास के आधा दर्जन गांव में लगी फसल को नुकसान पहुंचाया है। क्षेत्र में हाथियों के दल के होने पर आसपास गांव के लोग इस कड़कड़ाती ठंड में रतजगा करने को मजबूर है। हालांकि वन विभाग अमला के लगातार हाथियों के झुंड पर निगरानी रखे हुए है और ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पहुंचा रहे है जिससे अभी तक किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई है।

खास बात
- नौ दिनों के भीतर तोड़े 10 घर, फसलों को पहुंचाया नुकसान

सूरजपुर जिले से 9 हाथियों का दल विगत 11 दिसंबर से उदयपुर ब्लॉक में पहुंचा। हाथियों का गुमगा, डाहिंमार, बोदेलामर, मुड़गांव,केशी पारा सहित सूरजपुर जिले के तारा, शिवनगर, जनार्दनपुर व आस पास के गांवों में इस कड़कड़ाती ठंड में विगत 8 दिनों से कहर जारी है। हाथियों का दल कोरबा जिले से होते हुए सूरजपुर जिले में एक सप्ताह पूर्व प्रवेश किया था लेकिन नेशनल हाईवे 130 चौकी शिवनगर तारा के पीछे जंगल में पिछले 5 दिनों से दिन भर विचरण करते हैं और शाम होते हैं उदयपुर विकास खंड के गुमगा, मुड़गांव सहित आधा दर्जन गांवों में पहुंच कर 9 हाथियों का दल लगातार घरों को तोड़ने के साथ-साथ फसलों को नुकसान पहुचाया। इधर वन विभाग की टीम ने किसी प्रकार की जान माल का नुकसान न हो इसके लिए हाथियों पर नजर जमाए हुए है। साथ ही विभाग की टीम ने लोगों को समझाइश देने के साथ हाथियों से दूरी बनाए रखने कहा है। इस कड़कड़ाती ठंड में हाथियों के गांव में पहुंच जाने पर ग्रामीण रतजगा कर रात बिता रहे हैं। जब हथियों का दल गांव में पहुचता हैं तो पूरे मोहल्ले के लोग शोर मचाने लगते है जिससे हाथियों का दल गांव में प्रवेश तो नहीं करता परंतु जंगल से लगे घरों को नुकसान पहुंचाते है।

हाथियों द्वारा ढहाया गया घर।

ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर भेजते वनकर्मी।

अब तक तोडे 10 घरों को

उदयपुर क्षेत्र में डटे 9 हाथियों के दल ने पीछे 9 दिनों के भीतर ही 10 घरों को तोड़ा है। इसमें से कुछ घर ऐसे है जिसे हाथियों ने दो बार क्षतिग्रस्त किया है। इसके अलावा लगभग 3 हेक्टेयर फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। हाथियों ने मुडगांव में 4, गुमका में 4 व बोदेलामर साल्ही में भी कुछ घरों को तोड़ा है। अभी हाथियों का दल तारा शिवनकर पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित जंगल में डटे हुए है।

ग्रामीणों को पहुंचा रहे सुरक्षित स्थान पर

सूरजपुर व उदयपुर सीमावर्ती क्षेत्र में पिछले 9 दिनों से डटे हाथियों से किसी प्रकार की जान माल की नुकसान न हो इसे लेकर वन विभाग की टीम लगातार हाथियों पर निगरानी रखे हुए है। कई बार हाथियों के लोकेशन के आधार पर जंगल किनारे बसे बस्ती के लोगों को खतरा न हो इसके लिए वन विभाग की टीम रात में ही घर खाली करवाया कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा देते है। वन विभाग की सर्तकता के कारण अभी तक जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। सरगुजा के वन मंडला अधिकारी ने मुड़गांव पहुंच कर हाथी विचरण वन क्षेत्र का जायजा लिया है। वन विभाग ने लोगों को हाथी विचरण वन क्षेत्र में न जाने के तथा हाथियों को न छेड़ने की बात कही है।

बचाव टीम है सतर्क

हाथियों से किसी प्रकार की नुकसान हो इसके लिए बचाव टीम सतर्क है। बचाव टीम में प्रशिक्षु डीएफओ अक्षय भोंसले, रेंजर गजेन्द्र दोहरे, दुगेश्वर सिंह, चंद्रभान सिंह, शशिकांत सिंह, विष्णु सिंह, अवधेश पुरी, अमरनाथ सहित टीम के सदस्य लगातार हाथियों के पर नजर जमाने के साथ ग्रामीणों को समझाइश देने तथा उन्हें सुरक्षित स्थान ले जाने में डटी हुई है।

दंतैल बहेरादेव ने दो घरों में की तोड़-फोड़

बिहारपुर। दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में लम्बे समय से भ्रमण कर रहे दंतैल बहेरादेव ने बीती रात जमकर आतंक मचाया। दंतैल ने दो घरों में तोड़-फोड़ मचाने के बाद घर में रखे अनाज को चट कर गया तथा पूरी रात अरहर एवं सरसों की खड़ी फसल को रौंदता रहा। दंतैल के आबादी क्षेत्र में घुसने से भयभीत ग्रामीण कड़कड़ाती ठंड में रतजगा करने मजबूर हैं। क्षेत्र में हाथियों की तबाही रूकने का नाम नहीं ले रही है। हाथी पिछले 4 महीनों से आबादी क्षेत्र में घुसकर घरों में तोड़-फोड़ बचाने के साथ ही लगातार खड़ी फसल को तबाह कर रहे हैं। कुछ समय तक राहत देने के बाद दंतैल बहेरादेव क्षेत्र में फिर से सक्रिय हो गया है तथा लगातार तबाही मचा रहा है। बीती रात बहेरादेव हाथी कछिया बस्ती में घुस गया फुल कंवर सिंह पति अनुरिद्ध के घर में जमकर तोड़-फोड़ मचाया। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। तोड़-फोड़ मचाने के बाद हाथी घर में घुस गया तथा घर में रखे अनाज को चट कर गया। ग्रामीणों द्वारा काफी देर तक शोर मचाने के बाद हाथी बस्ती के बाहर निकला तथा अरहर एवं सरसों की फसल तबाह करते हुए मोहरसोप बस्ती में पहुंच गया। काफी देर तक गां की गलियों में घूमने के बाद दंतैल ने कार्तिक यादव पिता लक्ष्मण यादव के घर को ढहा दिया तथा घर में रखे अनाज को चट कर दिया। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने किसी तरह घर के बाहर भागकर अपनी जान बचाई। हाथी पिछले एक सप्ताह से मोहरसोप, कछिया एवं नवाटोला के बीच भ्रमण कर रहा है। वन परिक्षेत्राधिकारी मेवा लाल पटेल ने बताया कि बीती रात बहेरादेव हाथी ने दो घरों में तोड़-फोड़ करने के साथही 8 किसानों की खड़ी फसल को क्षति पहुंचाया है। हाथी से हुई क्षति का आंकलन किया जा रहा है।

ग्राहक सेवा केंद्र में खाताधारकों से हो रही मनमानी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक द्वारा हितग्राहियों से खाते की राशि निकालने पर मनमानी शुल्क वसूला जा रहा है। बैंक की भीड़ से बचने एवं आधार कार्ड से आसानी से पैसा निकालने के लिए स्टेट बैंक की ग्राहक सेवा केंद्र खुला है। केंद्र संचालक द्वारा हितग्राहियों से राशि निकालने के नाम से मनमानी शुल्क लिया जा रहा है। हितग्राहियों ने इसकी बैंक मैनेजर से अनेको शिकायतें कर चुके हैं लेकिन संचालक पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। खाता धारक बैंक की भीड़ के चक्कर में मजबूरन ग्राहक सेवा केंद्र में मनमानी शुल्क देकर पैसा आहरण करने के लिए मजबूर हैं। खाता धारक नेहा केसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के द्वितीय किस्त की 79100 ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से निकालने पर उसे 800 रूपए शुल्क लिया गया, जबकि बैंक से उसे छोटा खाता ग्राहक सेवा केंद्र से राशि निकालने की सलाह दी गई थी। बैंक कर्मी छोटा खाता धारकों को ग्राहक सेवा केंद्र में पैसा निकालने के लिए भेज देते हैं, वहीं सेवा केंद्र संचालक द्वारा मनमाना शुल्क किया जा रहा है, जबकि सेवा केंद्र संचालक को बैंक द्वारा अलग से कमीशन दिया जाता है। इस संबंध में भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक कामेश कुमार चौधरी ने बताया कि खाताधारक बैंक या ग्राहक सेवा केंद्र से राशि निकाल सकते हैं। बैंक में भीड़ रहने पर खाताधारकों को ग्राहक सेवा केंद्र में भेज देते हैं। सेवा केंद्र से राशि निकालने पर कितना शुल्क निधार्रित है इसकी जानकारी नहीं है।

स्कूटी से गिरकर घायल हुए युवकों के बैग से मिला नशीली दवाओं का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नगर में इन दिनों नशीली दवाओं के कारोबारी फलने फूलने लगा है। पुलिस द्वारा बीच बीच में कार्रवाई करती है परंतु नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के खरीदी बिक्री कम होने के बजाय दिनों दिन और भी बढ़ती जा रही है। हालांकि पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर अवैध कारोबार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद कुछ अवैध कारोबारी पुलिस के हत्थे चढ़े है जबकि कई कारोबारी क्षेत्र में नशे के कारोबार को फैलाने में लगे हुए है।

- एक गया जेल दूसरे का चला रहा अस्पताल में उपचार

पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने गश्त कर रहे कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि स्कूटी सवार दो व्यक्ति पचिरा मुख्य मार्ग पर एक्सीडेंट हो गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां एक स्कूटी पर सवार 2 व्यक्ति में से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर रोड़ किनारे पड़ा हुआ था। जबकि उसका साथी पास में एक बैग लेकर खड़ा था। युवक की गंभीर हालत को देख पुलिस ने उसे तत्काल 108 से जिला चिकित्सालय पुलिस जवानों के साथ भेजा गया। इधर जब पुलिस ने चरचा थाना अंतर्गत विवेकानंद कालोनी निवासी कृष्ण कुमार आ. भुनेश्वर सिंह (23 वर्ष) के पास रखे बैग की तलाशी ली तो पुलिस के होश उड़ गए। युवक के बैग में 2 लाख 34 हजार कीमत का नशीली दवा रखा हुआ था। पुलिस ने नशीली दवाओं को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की। मामले में 1 अन्य आरोपी घायल है जिसका उपचार चल रहा है उपचार पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व सीएसपी एसएस पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एसआई पीयुष चन्द्राकर, संदीप कौशिक, एएसआई संजय सिंह, प्रधान आरक्षक उदय सिंह सक्रिय रहे।

नल-जल योजना के पाइप चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

बिश्रामपुर। पीएचई विभाग के कान्ट्रेक्टर शिवनंदनपुर निवासी राहुल सिंघल ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम लक्ष्मीपुर में नल जल योजना के तहत शासकीय कार्य हेतु एचडीपी पाईप खरीदी कर लगाया जा रहा है, इस दौरान 7 अक्टूबर की रात्रि को 223 मीटर तथा 12 दिसंबर की रात्रि में 100 मीटर पाईप को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। भटगांव पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम लक्ष्मीपुर के बेचन सिंह के बाड़ी में एचडीपी पाईप लगा है जिसके बाद उसे दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर बेचन सिंह ने बताया कि चोरी के पाईप को गौरीशंकर से खरीदी कर बाड़ी में लगाया था। जिसके बाद पुलिस ने गौरीशंकर को भी दबिश देकर पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का 85 मीटर एचडीपी पाईप को जप्त कर आरोपी बेचन सिंह पिता स्व. श्रीराम उम्र 55 वर्ष ग्राम लक्ष्मीपुर व गौरी शंकर पिता जगसाय ग्राम लक्ष्मीपुर, थाना भटगांव को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई अश्वनी पाण्डेय, एएसआई लालचंद कुजूर, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, रविनंद सिंह, शत्रुधन पोर्ते सक्रिय रहे।

स्कूटी चोरी कर बेचने के फिराक में घूर रहे दो युवक गिरफ्तार

सूरजपुर। स्कूटी चोरी कर बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश रहे दो युवकों को भटगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े युवकों ने अम्बिकापुर खरसिया रोड से स्कूटी चोरी भटगांव में बेचने आए थे। क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश में गश्त कर रहे भटगांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक स्कूटी लेकर बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना भटगांव पुलिस ने ग्राम अधिना में संदिग्ध हालत में घूम रहे स्कूटी सवार अम्बिकापुर सदर रोड निवासी अरशद अंसारी आ. मो. खुर्रम (20 वर्ष) व अम्बिकापुर नवागढ़ निवासी समीर खान आ. मो. नसीम (20 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने युवकों के पास से स्कूटी वाहन के दस्तावेज की मांग की तो दोनों कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। स्कूटी चोरी करने के संदेह पर जब पुलिस ने पूछताछ किया तो आरोपियों ने बताया कि 17 दिसंबर को खरसिया रोड़ टाकिट के समीप एक दुकान के सामने से खड़ी स्कूटी चोरी कर गाड़ी का नंबर सीजी 15 सीएक्स 5118 को खुरचकर मिटा दिया था। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 41(1-4)379 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई अश्वनी पाण्डेय, प्रधान आरक्षक पूरन चंद राजवाड़े, सुंदरलाल, आरक्षक संतोष जायसवाल, मनोज जायसवाल, विनोद प्रताप, राधेश्याम साहू, भोलाशंकर राजवाड़े, वाहिद हुसैन व महिला आरक्षक प्रीति भगत सक्रिय रहे।

दिव्यांग छात्राओं को प्रदान की गई छात्रवृत्ति

रामानुजनगर। विकासखंड रामानुजनगर के बीआरसी हजारीलाल चक्रधारी द्वारा दिव्यांग छात्राओं को समाज कल्याण छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान किया। विकासखंड के स्कूलों से छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत 84 दिव्यांग बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान किया गया।

अक्षत कलश की नगर में भव्य दर्शन यात्रा कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पवित्र, पूजित, अभिमंत्रित अक्षत कलश का विधि विधान से पूजा एवं आरती के बाद बुधवार को दोपहर 12 बजे से नगर में कीर्तन-भजन, ढोल नगाड़े, रामजी की झांकी एवं आतिशबाजी के साथ कलश यात्रा हनुमान मंदिर से मेन मार्केट होते हुए अंबेडकर चौक से वापस पुनः हनुमान मंदिर आएगी। यहां पर जयनगर, कंदरई, करंजी एवं विश्रामपुर नगर मंडल संयोजकों को पूजित अक्षत कलश का वितरण होगा।

मंडल संयोजक अपने मंडल क्षेत्र में कलश यात्रा निकालकर गांव के प्रत्येक हिंदू परिवार में अक्षत, राम दरबार का छायाचित्र एवं आमंत्रण पत्र वितरित करने का कार्य करेंगे। प्रसाद वितरण एवं महाभंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी समिति द्वारा कर ली गई है। समिति ने सभी हिंदू भक्तों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित आह्वान किया गया है। उक्ताशय की जानकारी खंड संयोजक महेश गुप्ता द्वारा दी गई है।

मणिपुर बस्ती में अक्षत कलश की निकाली गई शोभायात्रा

अम्बिकापुर। मंगलवार को मणिपुर बस्ती में अयोध्या से आए अक्षत कलश की वार्डवासियों ने संकट मोचन हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली। बस्ती के इंदिरा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं संत गहिरा गुरू वार्ड में 1 जनवरी से 15 जनवरी तक घर-घर में अक्षत वितरण करने, प्राण प्रतिष्ठा के दिन सामूहिक रूप से एक स्थान पर बैठ कर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने एवं शाम को घर-घर में उ त्सव मनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान राम सेवक साहू, नरेंद्र सिन्हा, अभय पालोलकर, इंदर भगत, अरविंद मिश्रा, अभय साहू, पप्पू साहू, सालेम केरकेट्टा, उमेश किस्पोट्टा, शिवशंकर किस्पोट्टा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

अधिकारियों ने किया सेदम और मंगारी धान खरीदी केंद्र का औचक

बतौली/सेदम। प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही शासकीय कार्यों में कसावट लाने अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया जा रहा हैं। भू अभिलेख जिला अधिकारियों द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति व धान खरीदी केंद्र सेदम और मंगारी धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। वहीं किसानों से धान खरीदी के संबंध में चर्चा की गई। धान खरीदी केंद्र की जानकारी एकत्र कर समिति प्रबंधक को व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा गया है ताकि धान बिक्री करने आए हुए किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। धान खरीदी केंद्र में जांच के दौरान नापतोल, बारदाना, धान की नमी उचित पाई गई। इसके पश्चात निरीक्षण दल द्वारा धान खरीदी के नया केंद्र मंगारी पहुंचे जहां किसानों से रूबरू हुए और नए धान खरीदी केंद्र में भवन की कमी पाई गई। इस दौरान अधीक्षक उषा नेताम, अधीक्षक दीपिका दुबे, राजस्व अधिकारी सत्येंद्र मिश्रा एवं सुरेंद्र कुजूर मौजूद रहे।